राजस्थान वन मण्डल झुंझुनू से आए 36 वन रक्षकों एवं VFPMC सदस्यों का आफरी भ्रमण

राजस्थान वन मण्डल झुंझुनू से 36 वन रक्षकों एवं VFPMC सदस्यों का के एक दल ने दिनांक 25.8.2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी)का भ्रमण किया। आफरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी. सिंह ने दल को संबोधित करते हुए संस्थान की शोध गतिविधियों के संबंध में प्रस्तुतीकरण (Presentation) दिया। इस दल ने आफरी की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर शोध कार्यो की तकनीक संबंधी जानकारी हासिल की। संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भ्रमण कर इस दल के सदस्यों ने विभिन्न दृश्य माध्यमों से प्रदर्शित विभिन्न सूचनाओं से शुष्क क्षेत्र की वनस्पति एवं संस्थान की शोधपरक तकनीक की जानकारी ली। भ्रमण में श्री रतना राम लोहरा, अनुसंधान सहायक-प्रथम ने भी सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती भावना शर्मा, वैज्ञानिक-सी ने किया। अन्त में इस दल ने आफरी की उच्च तकनीकी पौधाषाला का भ्रमण किया जिसमें श्री सादुल राम देवड़ा, अनुसंधान सहायक-द्वितीय ने पौधषाला की तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी । इस समूह को खेजड़ी मृर्त्यता से संबंधी पेम्पलेट वितरित किये गये।

औषधीय पौधों की खेती

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद